# **प्रेस नोट दिनाँक- 17.11.2023**

**(1).** आज दिनाँक 17.11.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शारदीय नवरात्रि के दौरान शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओं एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(2).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 17.11.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओं को **"मिशन शक्ति"** व **''शक्ति दीदी''** के तहत सार्वजनिक स्थलो जैसे- चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है।

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री राजेश कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में वरि0उ0नि0 श्री कृपानंदन शर्मा तथा उनके हमराही द्वारा मु0अ0सं0 221/2023 धारा 379,506,411 भादवि0 के वांछित अभियुक्त राज पाल पुत्र समय लाल निवासी मटियारा मजरा कोपा थाना मऊ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया ।

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1. उ0नि0 श्री कृपानंदन शर्मा थाना मऊ
2. आरक्षी जुबेर

(4). युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा जनपदीय पुलिस विभाग के साथ स्टूडेंट पुलिस एक्सपिरिएन्सल लर्निंग प्रोग्राम चलाये जाने के क्रम में आज दिनांक 17.11.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में क्षेत्राधिकारी राजापुर/नोडल अधिकारी स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरियेंस लर्निंग प्रोग्राम श्रीमती निष्ठा उपाध्याय व डा0 हेमन्त बघेल एनएसएस कोर्डीनेटर गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय चित्रकूट की उपस्थिति में जनपद के समस्त थाना प्रभारी व उपनिरीक्षकगण के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय चित्रकूट से चयनित 50 छात्र पुलिस विभाग के साथ 30 दिवसीय इन्टर्नशिप करके पुलिसिंग की कार्यवाही के बारे में सीधा एक्सपिरिएन्सल एवं जानकारी ग्रहण करेंगे । इस कार्यक्रम का शुभारम्भ आज किया गया है ।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा सर्वप्रथम थानों से आये स्टूडेन्ट को पुलिस का परिचय देते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया गया कि पुलिस एक अनुशासित बल है तथा इसकी कार्यप्रणाली अन्य विभागों से अलग है । पुलिस का कार्य जनता की सुरक्षा करना एवं समाज में शान्ति बनायें रखना है । इस दौरान पुलिस की सही सेवा प्राप्त करने के लिये SPEL कार्यक्रम के माध्यम से आम जन तक सही जानकारी कैसे पहुंचायी जाये के सम्बन्ध में उपस्थित छात्र/छात्राओं को बताया गया । पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा आगन्तुक पटल, महिला पटल, एफआईआर लिखना, घटनास्थल का निरीक्षण, भीड प्रबन्धन, बीट पैट्रोलिंग, महिला सम्बन्धी अपराध, यातायात नियंत्रण, कम्युनिटी पुलिसिंग की पहल व पुलिस कर्मियों के जीवन के बारे में विस्तृत व्याख्यान करते हुये जानकारी प्रदान की गयी ।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी कार्यालय/यातायात/लाइन्स श्री राज कमल, प्रभारी सोशल मीडिया सेल श्री विजय सिंह, एएचटीयू प्रभारी श्री योगोश तिवारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें ।

(5). आज दिनाँक 17.11.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला द्वारा म0प्र0 में चल रहे विधान सभा चुनाव के दृष्टिगत म0प्र0 बार्डर पर स्थित देवांगना घाटी बैरियर एवं सीतापुर स्थित निर्मोही अखाड़ा बैरिया का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया । बैरियर डियूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता पूर्वक डियूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।